# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**सिवनी नवभारत। जिले के पलारी चौकी क्षेत्र के ग्राम पलारी में 24 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार सुबह युवक का शव उसके घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने ग्राम के ही आवेद खान पर गंभीर आरोप लगाते हुए दोपहर करीब 1 बजे पलारी-धनोरा मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया।**

मृतक की पहचान पलारी निवासी बिट्टी उर्फ घनश्याम डेहरिया (24) के रूप में हुई है। सुबह घर के कमरे में उसका शव फांसी के फंदे पर मिला। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। परिजनों का आरोप है कि

### ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

कुछ दिन पहले आवेद खान नामक युवक से उसका विवाद हुआ था। इस दौरान उसके साथ मारपीट भी की गई थी।

परिजनों के अनुसार, इसी घटना के बाद युवक मानसिक तनाव में था और आवेद खान द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने के कारण उसने यह कदम उठाया। परिजनों ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही पलारी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

चौकी प्रभारी संजय दीक्षित ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक की मौत फांसी लगाने से हुई है। परिजनों ने गांव के एक युवक को प्रताड़ित करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, एक दिन पहले दोनों के बीच विवाद होने की बात भी सामने आई है। युवक ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, इसका स्पष्ट कारण जांच और साक्ष्यों के आधार पर ही सामने आएगा।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है तथा विवाद, मारपीट और अन्य पहलुओं की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, परिजनों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



### निष्पक्ष जांच का आश्वासन

चक्काजाम की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों और ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें समझाया। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई।

# सिवनी खवासा टोल प्लाजा पर मचा तांडव

**उपद्रवियों का कब्जा, सर्वर रूम तहस-नहस, महिला स्टाफ से अभद्रता और लूटपाट, कुरई थाने में एफआईआर दर्ज**





**सिवनी नवभारत। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर स्थित खवासा टोल प्लाजा पर शनिवार, 01 अगस्त 2026 को कानून और व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते हुए बेखौफ उपद्रवियों ने खुलेआम खूनी तांडव और गुंडागर्दी का नंगा नाच किया। स्थानीय कमर्शियल भारी वाहनों से टोल टैक्स वसूले जाने की वैध प्रक्रिया के विरोध की आड़ में इन आपराधिक तत्वों ने दिनदहाड़े टोल प्लाजा पर बलपूर्वक कब्जा कर लिया। इस भीषण उत्पात के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग पर घंटों तक कोहराम मचा रहा, दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारों से यातायात पूरी तरह ठप हो गया और आम नागरिक दहशत के साये में जीने को मजबूर हो गए।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपद्रवियों ने टोल प्लाजा पर उग्र हंगामा करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूरी तरह जाम लगा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इन अराजक तत्वों ने जबरन बिना एक भी रुपया टोल शुल्क दिए सैकड़ों वाहनों को हाईवे से निकलवाया। जब टोल कर्मचारियों ने इस अवैध कृत्य का कड़ा विरोध किया, तो उनके साथ खुलेआम मारपीट, अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की गई। इसके बाद उपद्रवी हिंसक तेवरों के साथ सीधे टोल प्लाजा के कंट्रोल रूम और सर्वर रूम में घुस गए।

**सर्वर रूम पर हमला, तोड़फोड़ और सोची-समझी साजिश-** पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के विवरण के अनुसार, सुबह लगभग 09:45 बजे एक वाहन (एमपी 20 एचबी 7551) के चालक द्वारा लेन में वाहन खड़ा किए जाने के बाद विवाद की शुरुआत हुई। इसके बाद नामजद उपद्रवियों—राजा डहरवाल, अश्वदीप अहिरवार, राही जायसवाल और काशीम खान (सभी निवासी खवासा, थाना कुरई)—ने अपने अन्य हथियारबंद साथियों के साथ मिलकर टोल प्लाजा पर हिंसक धावा बोल दिया।

आरोपियों ने यह कुतर्क देते हुए तांडव मचाया कि पहले लोकल गाड़ियों से टोल नहीं लिया जाता था, तो अब क्यों वसूला जा रहा है। लोहे की रॉड, डंडों और अन्य घातक हथियारों से लैस इन उपद्रवियों ने सर्वर रूम का दरवाजा क्रूरतापूर्वक तोड़ दिया, कंट्रोल रूम के शीशे चकनाचूर कर दिए और अंदर रखे करोड़ों के महंगे तकनीकी उपकरणों को पूरी तरह तहस-नहस कर डाला। सबसे गंभीर बात यह है कि अपराधियों ने सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम का सर्वर पहले ही बंद कर दिया था, ताकि उनकी इस कायराना और आपराधिक करतूत का कोई साक्ष्य कैमरे में कैद न हो सके—जो उनकी गहरी आपराधिक साजिश को बेनकाब करता है। इस दौरान सैकड़ों वाहनों को मुफ्त गुजारकर टोल प्लाजा को भारी राजस्व हानि और अपूरणीय संपत्ति की क्षति पहुंचाई गई।

**प्रशासनिक विफलता और तत्काल पुलिसिया शिकंजा-** सूत्रों के अनुसार, घटना की अग्रिम सूचना पुलिस को दिए जाने के बावजूद पुलिस बल समय पर मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे उपद्रवियों के हौसले और अधिक बुलंद हो गए। हालांकि, स्थिति की भीषणता को देखते हुए बाद में पुलिस प्रशासन पूरी तरह हरकत में आया और थाना कुरई में त्वरित तथा कठोर कार्रवाई अमल में लाई गई। प्रथम सूचना रिपोर्ट 0321 दिनांक और समय 01/08/2026, 23.02 बजे थाना कुरई, जिला सिवनी में की गई।

जांच अधिकारी भूपेन्द्र सिंह नागेश्वर (कार्यवाहक सहायक उप-निरीक्षक) थाना प्रभारी किर्पाल शाह टेकाम (निरीक्षक) पुलिस ने नामजद आरोपियों राजा डहरवाल, अश्वदीप अहिरवार, राही जायसवाल और काशीम खान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 की अत्यंत कठोर धाराओं—धारा 296(a), 115(2), 324(4), 132 और 33(5)—के तहत गंभीर अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। घटना के बाद टोल प्लाजा प्रबंधन ने पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई, सरकारी कार्य में बाधा, सार्वजनिक संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाने, राजमार्ग पर यातायात बाधित करने तथा टोल प्लाजा को हुई समस्त राजस्व एवं संपत्ति की क्षति की भरपाई सुनिश्चित किए जाने की पुरजोर मांग की है।

प्रशासन ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर इस तरह की गुंडागर्दी, सरकारी संपत्ति के विनाश, शासकीय कार्य में बाधा और महिलाओं के सम्मान पर प्रहार करने वाले किसी भी उपद्रवी को बख्शा नहीं जाएगा। फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है और मामले की गहनता से जांच जारी है।

### स्टाफ को खुलेआम मारने की धमकी

अराजकता और गुंडागर्दी की सभी सीमाएं तब लांघ दी गईं जब इन दबंगों ने ड्यूटी पर तैनात निरीह महिला कर्मचारियों—सुषमा शर्मा, रिंकी और काजल चौबे—सहित समस्त स्टाफ को खुलेआम जान से मारने की धमकियां दीं और भय का माहौल बनाकर परिसर से खदेड़ दिया। बीच-बचाव करने आए अन्य टोल कर्मचारियों यशवंत यादव और प्रियांशु द्विवेदी को भी बेरहमी से पीटा गया। जब प्लाजा मैनेजर रघुवीर सिंह (पिता बलवंत सिंह) ने इस नृशंसता का विरोध किया, तो इन वहशी आरोपियों ने उन्हें घेरकर गंदी-गंदी गालियां दीं और लात-घूंसों तथा थप्पड़ों से अंधाधुंध मारपीट की, जिससे उनके सिर और कमर में गंभीर चोटें आईं।

## एक नजर में

### मां बैनगंगा से गंगाजल भरकर वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर आएंगे कांवड़िए

**सिवनी।** सावन के पावन आगमन के साथ ही चारों ओर 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' की गूंज है। कांवड़िए कावड़ यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। इसी तारतम्य में बारापत्थर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समता नगर स्थित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर से सावन के प्रथम सोमवार 3 अगस्त को प्रातः कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। जो कि लखनवाड़ा स्थित पतित पावनी मां बैनगंगा से कांवड़िए कावड़ में जल भरकर कांधे में लाते हुए सर्वप्रथम मठ मंदिर में महाकाल का जलाभिषेक करेंगे। तत्पश्चात नगर भ्रमण करते हुए बारापत्थर स्थित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर सह परिवार विराजित भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक किया जाएगा। मंदिर के पुजारी पंडित मोहन पांडे एवं वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर के स्थापक, सेवादार जितेन्द्र सिंह ने परिवार सहित सभी सनातनी से अधिक से अधिक संख्या में कांवड़ यात्रा में शामिल होने का निवेदन किया है। वहीं दुर्गा चौक माता राजराजेश्वरी दुर्गा मंदिर के आचार्य श्री राजेंद्र पांडे ने बताया कि कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भगवान शिव के प्रति त्याग, संयम और अगाध श्रद्धा का प्रतीक है।



### गुरु पूर्णिमा पर मेधावी छात्रा प्रीत पटले का सम्मान

**बरघाट।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरघाट में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 की प्रावीण्य सूची में प्रदेश में पाँचवाँ स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा कुमारी प्रीत पटले, पिता श्री खड़ग पाल पटले, का शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी द्वारा सम्मान किया गया। छात्रा को कंपनी के विक्रय प्रतिनिधि श्रीनिवास शर्मा ने सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री वीरेंद्र नाथ बिसेन ने की। मुख्य अतिथियों के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे. एस. मार्को, थाना प्रभारी मोहनीश बैस तथा राष्ट्रीय कवि श्री रमेश कुमार श्रीवास्तव चातक उपस्थित रहे। समारोह में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# पहला पीला दूध शिशु के लिए अमृत, माँ का दूध ही है जीवन की पहली ढाल



**छपारा नवभारत।** विश्व स्तनपान सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा के पीएनसी वार्ड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बी.एम.ओ. डॉ. टी.एस. इनवाती के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में नवप्रसूता माताओं और उनके परिजनों को स्तनपान के महत्व, सही तकनीक और शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि जन्म के एक घंटे के भीतर शिशु को स्तनपान कराना उसके जीवन की मजबूत शुरुआत होती है। जन्म के बाद निकलने वाला गाढ़ा पीला दूध (कोलोस्ट्रम) शिशु के लिए अमृत के समान होता है, जो उसे रोगों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है।

डॉ. सविता मार्को ने कहा कि माँ का दूध शिशु के लिए संपूर्ण और सर्वोत्तम आहार है। यह शिशु के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ संक्रमणों से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. सुकन्या शुक्ला ने माताओं से अपील करते हुए कहा कि वे स्तनपान को अपनी प्राथमिकता बनाएं, क्योंकि स्वस्थ बचपन की नींव माँ के दूध से ही मजबूत होती है। डॉ. जयंती बट्टी ने स्तनपान के लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि पहला पीला गाढ़ा दूध शिशु के लिए प्रकृति का अनमोल उपहार है। उन्होंने महिलाओं को स्तनपान की सही विधि अपनाने के लिए प्रेरित किया।

बी.सी.एम. एस. सिंगरहा ने बताया कि प्रसव के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करना आवश्यक है। उन्होंने छह माह तक केवल माँ का दूध देने और इसके बाद स्तनपान के साथ ऊपरी आहार शुरू करने की जानकारी दी।

नर्सिंग ऑफिसर के.एल. अंसारी ने कहा कि स्तनपान से केवल शिशु ही नहीं, बल्कि माता का स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। यह कुपोषण की रोकथाम का सबसे प्रभावी उपाय है। नर्सिंग ऑफिसर नीला मेश्राम ने भी माताओं को स्तनपान संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

नर्सिंग ऑफिसर पूनम सनोडिया ने स्तनपान कराने की सही प्रक्रिया का प्रदर्शन कर माताओं को व्यावहारिक जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारियों और नर्सिंग स्टाफ ने माताओं की शंकाओं का समाधान करते हुए स्वच्छता, सही तकनीक और सावधानियों के बारे में बताया।

# शासकीय महाविद्यालय लखनादौन में डॉ. आरएस ठाकुर को दी विदाई



**लखनादौन नवभारत।** डॉ. आर. एस. ठाकुर को महाविद्यालय परिवार ने दी भावभीनी विदाई 40 वर्षों के सेवाकाल के बाद सेवानिवृत्त हुए डॉ. ठाकुर, उत्कृष्ट शिक्षण व मार्गदर्शन के लिए किए गए सम्मानित लखनादौन। स्वामी विवेकानन्द शासकीय महाविद्यालय, लखनादौन में डॉ. आर. एस. ठाकुर के सेवानिवृत्त होने पर समस्त महाविद्यालय परिवार द्वारा एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

डॉ. आर. एस. ठाकुर ने 10 जनवरी 1986 से 31 जुलाई तक लगभग 40 वर्षों का लंबा और सराहनीय सेवाकाल पूर्ण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने उन्हें सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों ने डॉ. ठाकुर के समर्पण, उत्कृष्ट मार्गदर्शन और महाविद्यालय के विकास में दिए गए अद्वितीय योगदान की जमकर सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. ठाकुर का शिक्षण कार्य और मार्गदर्शन सदैव संस्थान और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

**उज्ज्वल भविष्य की कामना**

समारोह के समापन पर समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से डॉ. आर. एस. ठाकुर को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिह्न भेंट कर उनके सुदीर्घ, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं।

# केवलारी में आयोजित हुआ प्रस्फुटन शक्ति संचय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**केवलारी नवभारत।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, योजना एवं आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा संवाद योजना के अंतर्गत विकासखंड केवलारी में प्रस्फुटन शक्ति संचय विकासखंड स्तरीय मासिक बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड केवलारी के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्र संगच्छध्वं संवदध्वं के सामूहिक उद्घोष के साथ माँ सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं तिलक अर्पित कर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर सक्रिय ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों को सशक्त बनाना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना तथा जनसहभागिता के माध्यम से ग्राम विकास गतिविधियों को गति प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनूप बघेल (भाजपा मंडल अध्यक्ष, केवलारी) ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद शासन और समाज के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि सचिन अवधिया (पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष, केवलारी एवं मन की बात जिला प्रभारी) ने कहा कि जब समाज और शासन मिलकर कार्य करते हैं, तभी विकास का वास्तविक स्वरूप दिखाई देता है। प्रत्येक समिति को सेवा, समर्पण और जनजागरण की भावना से कार्य करना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि अशोक बन्देवार (जिला सह मीडिया प्रभारी) ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक कार्यों का प्रभावी प्रचार-प्रसार भी उतना ही आवश्यक है, जिससे जनहित के कार्य अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचें और जनभागीदारी बढ़े। विशिष्ट अतिथि ए आर मालाधर (कृषि विकास अधिकारी) ने किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण तथा वृक्षारोपण के महत्व की जानकारी दी। विकासखंड समन्वयक अशोक बेन्द्रे ने प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं की भूमिका, अभिलेख संधारण, नियमित गतिविधियों, मासिक बैठक, रिपोर्टिंग, शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया।

# रफी के सदाबाहार नग्मों से गीतांजलि म्युजिकल ग्रुप ने किया याद



**सिवनी नवभारत।** गीतांजलि कराओके म्युजिकल ग्रुप के संचालक पीएस उइके के कुशल मार्गदर्शन में गत दिवस को आयोजित सुर सम्राट मोहम्मद रफी साहब की पुण्यतिथि पर ग्रुप के सभी सदस्यों के सक्रिय सहयोग और रुचि से संगीत कार्यक्रम सफल एवं शानदार रूप से सम्पन्न हुआ। सभी कलाकारों द्वारा मंच पर रफी साहब के एक से बढ़कर एक बेहतरीन नगमें बड़े सिद्दत के साथ गाकर भावपूर्ण श्रंद्धाजलि दी गई सभी कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में शमा बांध दिया और श्रोताओं को भावविभोर कर 5 घंटे तक बांधे रखा। इस कार्यक्रम की जितनी प्रसंशा की जाये उतनी कम है। यह सब आपके सहयोग से ही संभव हो सका है, उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रुप के सभी सदस्यों के सक्रिय सहयोग के लिए मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ।

इस कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि पोदार विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मंजुलिशा में विशेष अतिथि उपप्राचार्य सुजीत कुमार विशिष्ट अतिथि आनंद शर्मा जी के हम आभारी हैं जिन्होंने अपना व्यस्तम समय देकर न केवल कार्यक्रम की शोभा बढ़ाये बल्कि अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देकर इस कार्यक्रम को भव्य बनाया। हम छिंदवाड़ा से पधारे हमारे सहयोगी कलाकार श्री दयाराम एवं माया आतराम मेम तथा गोलू खन्ना जी के विशेष आभारी हैं जो मेरे आग्रह पर अपने कार्यक्रम को छोड़कर हमारे कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपनी शानदार प्रस्तुति देकर हमारे कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। श्री सनोडिया जी को बेहतरीन मंच संचालन हेतु तहेदिल से धन्यवाद देता हूँ। संगीत को उत्कृष्ट और मनमोहक बनाने में साउंड सिस्टम की अहम भूमिका होती है हम बेहतरीन साउंड सिस्टम के लिए मनीष तिवारी (सिद्धि दात्री साउंड )को धन्यवाद देते हैं हम प्रियांशू चौरसिया को सफलतापूर्वक लैपटॉप आपरेट करने हेतु बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं।

सात फेरे लॉन के मालिक संतोष पटेल को धन्यवाद ज्ञापित करते हैंजिन्होंने उक्त कार्यक्रम हेतु न केवल हाल उपलब्ध कराए बल्कि जायकेदार भोजन से सबकी आत्मा को संतृप्त कर दिए हम श्याम सिंह धुर्वे जी को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने हाल उपलब्ध कराने एवं उत्तम भोजन व्यवस्था में अपना सक्रिय सहयोग देकर उक्त कार्यक्रम को सफल बनाया। ग्रुप के सदस्य सर्वश्री डी एस सनोडिया,भुवनेश्वर शुक्ला, सुरेश तिवारी, एस आर शिव, अमित वानखेड़े, अंजू भलावी, नरेश पांडे,दीपक वास्त्री, दीपक तिवारी, भावना ठाकुर नितिन नेमा और ग्रुप के परिवार जन तथा इस कार्यक्रम में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी को और श्रोताओं को शुभकामनाएं दी।

## कार्यवाही

**छपारा पुलिस ने पशु चोरी का किया खुलासा, बकरा चोरी मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार**

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई : नाइट कॉम्बिंग गश्त में 53 वारंटी गिरफ्तार



**सिवनी नवभारत।** जिले में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिवनी पुलिस ने एक ही दिन में दो बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। एक ओर जिलेभर में चलाए गए नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान 53 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया तथा 66 निगरानी एवं गुंडा बदमाशों की जांच की गई, वहीं थाना छपारा पुलिस ने अंतर-जिला पशु चोरी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी में प्रयुक्त कार जब्त की है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में 1-2 अगस्त की मध्य रात्रि जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में फरार अपराधियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के नेतृत्व में रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक कॉम्बिंग गश्त की गई।

इस अभियान में 5 राजपत्रित पुलिस अधिकारी, सभी थाना एवं चौकी प्रभारी सहित 105 पुलिसकर्मी शामिल रहे। कार्रवाई के दौरान 19 स्थायी वारंट और 34 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए।

जबकि 66 निगरानी बदमाश, गुंडा बदमाश एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। साथ ही होटल, ढाबों, लॉज, धार्मिक स्थलों तथा 145 से अधिक संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की गई।



### शातिर चोर गिरफ्तार

इसी क्रम में थाना छपारा पुलिस ने 29 जुलाई की रात गोरखपुर निवासी याकूब मोहम्मद के घर से चोरी हुए 13 बकरों के मामले का खुलासा करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले की विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और साइबर सेल की सहायता से पुलिस टीम ने उमरिया और जबलपुर में दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में श्यालम खान निवासी बरबसपुर, थाना मानपुर जिला उमरिया, मुन्ना पुत्र अब्दुल सलाम कुरैशी निवासी रामपुर, थाना गोरखपुर जिला जबलपुर तथा बाबर कुरैशी निवासी रामपुर मस्जिद के पास, आजाद चौक, थाना गोरखपुर जिला जबलपुर शामिल हैं।

# एआईएसओ की जिला स्तरीय बैठक संपन्न, कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण



**सिवनी नवभारत।** एआईएसओ संगठन जिला कमेटी छिंदवाड़ा की जिला स्तरीय बैठक रविवार को पंचमुखी शिव मंदिर, परतला-परासिया रोड, छिंदवाड़ा में आयोजित की गई। संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाती है। इसी क्रम में आयोजित बैठक में जिलेभर से संगठन के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, कार्ययोजना एवं पीएसीएल निवेशकों के भुगतान के लिए चलाए जा रहे संघर्ष को लेकर चर्चा की गई।

संगठन के लीडर ने कहा कि निवेशकों के हितों एवं उनके भुगतान के लिए संगठन पिछले 11 वर्षों से निरंतर संघर्षरत है और अंतिम निवेशक को भुगतान दिलाने तक प्रयास जारी रहेगा।

गौरतलब है कि 25 एवं 26 जुलाई को रायपुर, छत्तीसगढ़ में एआईएसओ का राष्ट्रीय स्तर पर दो दिवसीय कार्यकारिणी विकास प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था। इसमें छिंदवाड़ा जिले से भी संगठन के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की थी। प्रशिक्षण शिविर के दौरान संगठन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक सुंदरता बनाए रखने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया गया था।

इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए जिला स्तरीय बैठक में उपस्थित एआईएसओ कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण अभियान चलाया। इस दौरान आधा सैकड़ा से अधिक पौधे लगाए गए। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि एआईएसओ केवल निवेशकों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाला संगठन ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाता रहा है। इस दौरान संगठन के प्रदेशाध्यक्ष श्याम चंद्रवंशी,प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजेश शुक्ला,जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह परिहार सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता बैठक में शामिल रहे।